नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी १९३४ से

5 मोटरबोट से आरती देखने पर प्रतिबंध

6 देव-दानव दोनों के अराध्य शंकर

7 टेस्ला ने भारत में मारी एंट्री

10 टॉप 10 बल्लेबाजों में लौटीं शेफाली वर्मा

एक नजर में



सेंट स्टीफन कॉलेज को उड़ाने की धमकी

नयी दिल्ली. दिल्ली विवि के सेंट स्टीफन कॉलेज और द्वारका इलाके में स्थित सेंट थॉमस स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है. पुलिस के अनुसार दिल्ली के द्वारका इलाके में स्थित सेंट थॉमस स्कूल और दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफन कॉलेज को मंगलवार को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली. धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद स्कूल और कॉलेज को एहतियात के तौर पर खाली करा लिया गया. उन्होंने कहा कि सूचना मिलने के बाद दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता और खोजी स्वान मौके पर पहुंची.

तीस अवैध बंगलादेशीयों को भेजा गया वापस

रायपुर. छत्तीसगढ़ में अवैध रूप से रह रहे बंगलादेश के 30 नागरिकों को उनके देश वापस भेजा गया है. अधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार से इन लोगों को निर्वासित करने की अनुमति मिलने के बाद राज्य सरकार और रायपुर पुलिस ने मंगलवार को 30 बंगलादेशी नागरिकों को रायपुर हवाईअड्डे से विमान के जरिए गुवाहटी भेजा गया. जानकारी के मुताबिक घुसपैठियों को रायपुर पुलिस सीमा सुरक्षा बल को सौंपेगी फिर असम से बंगलादेश सीमा पर बीएसएफ के जरिए निर्वासन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी.

आईआईसीटी में अगस्त से होगा प्रवेश

नयी दिल्ली. भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान इस वर्ष अगस्त से छात्रों के अपने पहले बैच के लिए प्रवेश की शुरूआत करने जा रहा है. इसके विस्तृत पाठ्यक्रम की घोषणा इस महीने के अंत में की जा सकती है.सूचना प्रसारण मंत्रालय की मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि संस्थान एवीजीसी-एक्सआर (एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियालिटी) क्षेत्र में उद्योग जगत की जरूरतों के हिसाब से संचालित पाठ्यक्रमों की एक मजबूत सूची प्रदान करेगा.

हैदराबाद में सीपीआई नेता की गोली मारकर हत्या

नयी दिल्ली. हैदराबाद में मंगलवार सुबह भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के राज्य परिषद सदस्य के. चंदू नाइक की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी. घटना उस समय हुई जब 47 वर्षीय नाइक मॉर्निंग वॉक पर निकले थे. पुलिस के अनुसार, जब वे एक पार्क के पास से गुजर रहे थे, तभी कार सवार बदमाशों ने उन पर गोलियां चला दीं. मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घटनास्थल से 3 इस्तेमाल किए हुए और दो बिना इस्तेमाल कारतूस बरामद किए हैं. हमले को 3-4 लोगों ने अंजाम दिया.

गुस्ताखी माफ

धरती पर लौटे शुभांशु शुक्ला

रचा इतिहास 18 दिन बिताये साथियों के साथ अंतरिक्ष में | 04 बजकर 35 मिनट पर सोमवार को हुआ था रवाना

नयी दिल्ली, 15 जुलाई. अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर जाने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एएक्स-4 मिशन के अपने तीन अन्य साथियों के साथ मंगलवार को धरती पर लौट आये.

स्पेसएक्स का ड्रैगन अंतरिक्ष यान भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद तीन बजे के करीब समुद्र में उतरा. ग्रुप कैप्टेन शुक्ला और उनके साथी अंतरिक्ष यात्रियों ने आईएसएस पर 18 दिन बिताये. इस दौरान उन्होंने कई वैज्ञानिक अनुसंधानों को अंजाम दिया.

चारों अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर यान भारतीय समय के अनुसार सोमवार दोपहर बाद चार बजकर 35 मिनट पर आईएसएस से रवाना हुआ था. बाइस घंटे से ज्यादा के सफर के बाद यान अमेरिका के कैलिफोर्निया तट के पास समुद्र में उतरा.

आईएसएस पर जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला इस मिशन में पायलट के तौर पर शामिल हुए थे. अपने साथियों के साथ वहां उन्होंने कई अनुसंधान मिशनों को अंजाम दिया, जिनमें इसरो द्वारा तैयार किये गये मिशन भी शामिल थे.

पूर्व इसरो वैज्ञानिक बीआर गुरुप्रसाद ने कहा है कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से सफल वापसी सिर्फ़ एक निजी उपलब्धि ही नहीं बल्कि गगनयान मिशन की तैयारियों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.

प्रसाद ने कहा कि शुक्ला ने लगभग 60 वैज्ञानिक प्रयोगों में हिस्सा लिया. इनमें से सात प्रयोग भारत से संबंधित थे. ये अंतरिक्ष के क्षेत्र में देश के भविष्य, विशेष रूप से मानव अंतरिक्ष यान परियोजना के लिए भी जानकारी प्रदान करेगें. उन्होंने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं कि शुक्ला का मिशन बेहद फलदायी रहा है. उन्होंने आगे कहा कि अंतरिक्ष में कक्षा (ऑर्बिट) तर्जुबा, अंतरिक्ष का सफर, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर रहना, वैज्ञानिक काम करना और सुरक्षित वापसी होना, ये चीजें न केवल दुर्लभ है, बल्कि बेहद उपयोगी भी हैं.

भारतीय वायु सेना में टेस्ट पायलट शुक्ला देश के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' के लिए चयनित संभावित क्रू में भी शामिल हैं.

शुभांशु ने देश के करोड़ों सपनों को प्रेरित किया : पीएम मोदी

मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं पूरे देश के साथ ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत करता हूँ, जो अपने ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन से पृथ्वी पर लौट रहे हैं. अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा करने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में, उन्होंने अपने समर्पण, साहस और भावनाओं से करोड़ों सपनों को प्रेरित किया है. यह भारत के मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन - गगनयान की दिशा में एक और मील का पत्थर है.

शुभांशु की उपलब्धि पर माता पिता गदगद

लखनऊ में शुभांशु के माता पिता ने अपने बेटे की एतिहासिक उपलब्धि पर गर्व जताया है. मां आशा शुक्ला ने भावुक होते हुये कहा मेरा बेटा सुरक्षित लौट आया है. इसके लिये मै ईश्वर के प्रति आभार व्यक्त करती हूं. शुभांशु के ड्रैगन कैप्सूल की लैंडिंग से पहले बेचैनी थी जो अब दूर हो चुकी है. मेरे परिवार ने शुभांशु की सलामती के लिये ईश्वर से प्रार्थना की थी. हम उसकी इस उपलब्धि पर बेहद गौरान्वित महसूस कर रहे हैं. शुभांशु के पिता शंभू दयाल शुक्ला ने कहा मुझे अपने पुत्र पर गर्व है. उसने देश के लिये महान उपलब्धि को दर्ज किया है. अब हम उसकी स्वदेश वापसी का इंतजार कर रहे है. आज मंगलवार है और हमने हनुमान मंदिर जाकर ईश्वर का धन्यवाद कहा है।.

मैड्रिड में इन्वेस्ट इन एमपी बिजनेस फोरम को संबोधित करेंगे सीएम

▸ सीएम दुबई के बाद आज से स्पेन के दौरे पर

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 15 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 16 से 19 जुलाई तक स्पेन के आधिकारिक दौरे पर रहेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश में निवेश के माध्यम से औद्योगिक विकास और रोजगार सृजनकी दिशा में सतत् रूप से प्रयासरत् है. स्पेन प्रवास के दौरान वे मैड्रिड में आयोजित इन्वेस्ट इन एमपी, बिजनेस फोरम को संबोधित करेंगे और उद्योग, पर्यटन, खेल, संस्कृति तथा फिल्म निर्माण से जुड़े विषयों पर उच्चस्तरीय बैठकों में भाग लेंगे. मुख्यमंत्री दुबई से रवाना होकर देर रात स्पेन की राजधानी मैड्रिड पहुंचेंगे.

स्पेन प्रवास के प्रथम दिन 16 जुलाई की शुरूआत मुख्यमंत्री डॉ. यादव से भारत के राजदूत दिनेश के. पटनायक शिष्टाचार भेंट करेंगे. इसके बाद वे इन्वेस्ट इन एमपी बिजनेस फोरम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे. इस सेशन में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पर्यटन, औद्योगिक नीति एवं निवेश, आईटी और अधोसंरचना सेक्टर पर प्रेजेन्टेशन होगा. बिजनेस फोरम की शुरुआत मध्यप्रदेश शासन के सचिव एवं मुख्यमंत्री के सचिव इलैयाराजा टी. के स्वागत भाषण से होगी. स्पेन-इंडिया काउंसिल फाउंडेशन के अध्यक्ष जुआन इग्नासियो एंत्रेकानालेस भी फोरम को संबोधित करेंगे. नेचर बायोफूड्स के सीईओ रोहन ग्रोवर द्वारा अनुभव साझा किये जाएंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव फोरम में उपस्थिति उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश में विभिन्न सेक्टर्स में निवेश के अवसरों पर विस्तृत जानकारी देंगे. नेटवर्किंग लंच में मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्पेन के प्रमुख उद्योगपतियों एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों से संवाद करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव खेल सेक्टर में विख्यात स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर डिज़ाइन एवं कंसल्टिंग फर्म पॉपुलस के प्रजेंटेशन मैड्रिड में इन्वेस्ट इन एमपी बिजनेस फोरम को संबोधित करेंगे सीएममें भाग लेंगे.

डिप्टी चीफ इंजीनियर समेत 4 गिरफ्तार

डीआरएम ऑफिस में सीबीआई की छापेमारी

नयी दिल्ली,15 जुलाई. लखनऊ में सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए नॉर्दर्न रेलवे के डीआरएम ऑफिस पर छापेमारी की. रेलवे के ठेकों में रिश्वतखोरी के मामले में डिप्टी चीफ इंजीनियर विवेक कुशवाहा समेत चार लोगों को घूस की रकम के साथ गिरफ्तार किया गया.

सीबीआई को सूचना मिली थी कि मिशन गति शक्ति यूनिट में प्रोजेक्ट आवंटन और बिल पास कराने के बदले रिश्वत ली जा रही है. जांच के बाद दर्ज एफआईआर के आधार पर सीबीआई ने छापेमारी की. टेंजेंट इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारी जिम्मी सिंह को अधिकारियों को रिश्वत देते रंगे हाथों पकड़ा गया. उसके पास से 2.5 लाख रुपये बरामद हुए, जो उसने डिप्टी चीफ इंजीनियर विवेक कुशवाहा को दिए थे.

इसके बाद ऑफिस सुपरिटेंडेंट अंजुम निशा और सीनियर सेक्शन इंजीनियर अशोक रंजन को भी रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया. अंजुम ने एक ठेकेदार से बिल पास कराने के लिए रिश्वत मांगी थी, जिसकी शिकायत पर उसे डीआरएम ऑफिस के बाहर रंगेहाथ पकड़ा गया. मिशन गति शक्ति के तहत लखनऊ मंडल में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 44 स्टेशनों का विकास हो रहा है.

इग्नू ने शुरू किए दो ऑनलाइन सैंड आर्ट पाठ्यक्रम

नयी दिल्ली. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने की दिशा में विश्वप्रसिद्ध रेत कला कलाकार और पद्मश्री से सम्मानित सुदर्शन पटनायक के सहयोग से इग्नू ने दो ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की शुरुआत की है. ये पाठ्यक्रम शिक्षा मंत्रालय के स्वयं ऑनलाइन मंच पर उपलब्ध हैं. इन पाठ्यक्रमों के नाम हैं, रेत कला का परिचय और रेत कला के सिद्धांत और प्रारूप. दोनों पाठ्यक्रम स्वयं सुदर्शन पटनायक द्वारा तैयार और प्रस्तुत किए गए हैं.

बच्चों के आधार नि :शुल्क अपडेट करें

नयी दिल्ली, 15 जुलाई. भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने सात वर्ष की उम्र के बच्चों के लिए अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) पूरा करने पर बल देते हुए कहा है कि यह निशुल्क है और किसी भी आधार सेवा केन्द्र या निर्दिष्ट आधार केन्द्र पर अपडेट किया जा सकता है.

प्राधिकरण ने कहा है कि यह उन बच्चों के लिए अनिवार्य है जिनके आधार में बायोमेट्रिक्स अपडेट नहीं किए गये हैं. यह अनिवार्य है और माता-पिता या अभिभावक किसी भी आधार सेवा केंद्र अथवा निर्दिष्ट आधार केंद्र पर अपने बच्चे का विवरण अपडेट कर सकते हैं. इसके लिए कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा.

प्राधिकरण के अनुसार पाँच वर्ष से कम आयु का बच्चा फोटो, नाम, जन्मतिथि, लिंग, पता और प्रमाण के दस्तावेज़ प्रदान करके आधार के लिए नामांकन करा सकता है. पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों के आधार नामांकन के लिए उनके 'फिंगरप्रिंट और आईरिस बायोमेट्रिक्स' नहीं लिए जाते क्योंकि उस आयु तक वे परिपक्व नहीं होते.

नियमों के अनुसार बच्चे के पाँच वर्ष की आयु पूरी होने पर उसके आधार में फिंगरप्रिंट, आईरिस और फोटो अनिवार्य रूप से अपडेट किए जाने चाहिए. यदि बच्चा पाँच से सात वर्ष की आयु के बीच एमबीयू करवाता है तो यह नि:शुल्क है. लेकिन सात वर्ष की आयु के बाद इसके लिए 100 रुपये का निर्धारित शुल्क लिया जाता है.

राहुल ने लखनऊ कोर्ट में किया सरेंडर, तुरंत मिली जमानत

लखनऊ, 15 जुलाई. कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को लखनऊ के एमपी-एमएलए कोर्ट में मानहानि मामले में सरेंडर किया. यह मामला भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना पर कथित अपमानजनक टिप्पणी से जुड़ा है.

कोर्ट में सरेंडर करने के तुरंत बाद राहुल गांधी के वकील ने जमानत याचिका दाखिल की, 5 मिनट के बाद ही राहुल को जमानत मिल गई. एडिशनल सीजेएम आलोक वर्मा वाली एमपी एमएलए कोर्ट ने 20 हजार रुपये के दो बॉन्ड पर कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी. यह मामला सीमा सड़क संगठन के रिटायर्ड डायरेक्टर उदय शंकर श्रीवास्तव द्वारा दर्ज कराए गए मानहानि परिवाद पर आधारित है. परिवाद के अनुसार, 16 दिसंबर 2022 को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने मीडिया से बातचीत में कहा था कि चीनी सैनिक हमारे सैनिकों को पीट रहे हैं और कोई सवाल नहीं पूछता.

डोडा में भीषण सड़क हादसा, 5 की मौत

नयी दिल्ली. जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें यात्रियों से भरी टैंपो ट्रैवलर खाई में गिर गई. यह दुर्घटना डोडा से करीब 30 किलोमीटर दूर पोंडा इलाके में डोडा-भरथ मार्ग पर सुबह 9 बजे के करीब हुई, जब अंधे मोड़ पर चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा. वाहन संख्या जेके06-4847 गहरी खाई में जा गिरा, जिससे पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 15 से अधिक अन्य यात्री घायल हो गए. मृतकों की पहचान मोहम्मद अशरफ (35), मंगता वानी (51), अत्ता मोहम्मद (33), तालिब हुसैन (35) और रफीका बेगम (60) के रूप में हुई है.

भारत के प्रयास से नर्स की सजा टली

निमिषा प्रिया को दी गई थी फांसी की सजा

नयी दिल्ली, 15 जुलाई. यमन में हूतियों के नियंत्रण वाली राजधानी सना में हत्या के जुर्म में भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को दी जाने वाली मौत की सज़ा टाल दी गयी है.

सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि भारतीय अधिकारियों के प्रयासों से निमिषा प्रिया की सजा टल गयी है. भारतीय अधिकारी वहां के अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में थे.

सूत्रों ने कहा, पता चला है कि यमन के स्थानीय अधिकारियों ने 16 जुलाई को निमिषा प्रिया को दी जाने वाली मौत की सज़ा स्थगित कर दी है. भारत सरकार इस मामले की शुरुआत से ही पीड़ित पक्ष के साथ समुचित व्यवहार के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है. सरकार हाल में निमिषा के परिजनों को यमन में दूसरे पक्ष के साथ सहमति का कोई रास्ता निकालने की कोशिश करने और सजा को टलवाने के प्रयासों में विशेष तरीके से सहयोग कर रही थी.

सूत्रों ने कहा, मामले के संवेदनशील होने के बावजूद भारतीय अधिकारी लगातार स्थानीय जेल अधिकारियों और अभियोजक कार्यालय के साथ संपर्क में रहे, जिसके कारण प्रिया की मौत की सजा टलवाने में सफलता मिली. इस बीच, कुछ रिपोर्टों के अनुसार निमिषा के कानूनी सलाहकारों ने उसकी माफी के लिए लगभग 8.5 करोड़ रुपये (10 लाख डॉलर) की पेशकश की थी, जिसे स्थानीय प्रथा के अनुसार 'खूंबहा' कहा जाता है. गौरतलब है कि केरल की 37 वर्षीय नर्स को यमन के एक नागरिक की हत्या के आरोप में दोषी ठहराया गया है.

स्वदेशी कार्बन फाइबर कृत्रिम पैर का किया अनावरण

नयी दिल्ली. तेलंगाना के बीबीनगर में स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला (डीआरडीएल) ने मिलकर भारत का पहला स्वदेशी कार्बन फाइबर से बना उन्नत कृत्रिम पैर विकसित किया है. इस नवाचार का सोमवार को एम्स बीबीनगर परिसर में अनावरण किया गया. यह पहल आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत चिकित्सा और पुनर्वास क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम मानी जा रही है. इस अत्याधुनिक कृत्रिम पैर को एडीआईडीओसी नाम दिया गया है.

जिनपिंग से मिले विदेश मंत्री ▸ अपनी 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत आतंकवादियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करता रहा है भारत

आतंकवाद से निपटने अडिग रहे एससीओ : जयशंकर

बीजिंग/ नयी दिल्ली 15 जुलाई. विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) से आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की चुनौती से सख्ती से निपटने के अपने उद्देश्यों पर अड़िग रहने का आह्वान करते हुए कहा है.

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की चुनौतियों से सख्ती से निपटने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि भारत अपनी 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत आतंकवादियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करता रहा है और आगे भी करता रहेगा. बीजिंग में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. जयशंकर ने कहा कि एससीओ की स्थापना ही इन तीन गंभीर खतरों का मिलकर सामना करने के उद्देश्य से हुई थी, और आज जब वैश्विक स्तर पर अस्थिरता बढ़ रही है, तब इसकी भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है. डॉ. जयशंकर ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का उल्लेख करते हुए कहा कि इस तरह की घटनाएं न केवल निर्दोष लोगों की जान लेती हैं, बल्कि क्षेत्र की पर्यटन अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित करती हैं.

डॉ जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मंगलवार सुबह बीजिंग में अपने साथी एससीओ विदेश मंत्रियों के साथ राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री का अभिवादन पहुँचाया. विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति जिनपिंग को दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में हाल ही में हुई प्रगति से अवगत कराया.

1 साल में मारे गये 357 नक्सली

▸ 28 जुलाई से 03 अगस्त तक 'शहीदी सप्ताह' मनाया जाएगा

बस्तर, 15 जुलाई. छत्तीसगढ़ में सक्रिय नक्सलियों की केंद्रीय कमेटी ने कबूला कि सुरक्षाबलों के हाथों पिछले एक साल में उनके 357 माओवादी मारे गये हैं.

सक्रिय नक्सलियों की केंद्रीय कमेटी ने मंगलवार को एक प्रेस नोट जारी करते हुए यह कबूल किया है कि पिछले एक वर्ष में उनके 357 माओवादी मारे गए हैं. सुरक्षाबलों के गोलियों के शिकार हुए नक्सलियों में महिला नक्सली भी शामिल हैं, जिनकी संख्या 136 बतायी है. यह जानकारी एक 24 पेज की बुकलेट के ज़रिए दी गई है, जो गोंडी बोली और अंग्रेज़ी में प्रकाशित की गई है. मारे गए साथियों की याद में नक्सली संगठन 28 जुलाई से 03 अगस्त तक 'शहीदी सप्ताह' मनाने का एलान किया है. इस दौरान नक्सली कई इलाक़ों में पोस्टर, बैनर और सभा आयोजित कर सकते हैं. मारे गए नक्सलियों में 136 महिला नक्सली, चार केंद्रीय कमेटी सदस्य, 15 राज्य कमेटी के वरिष्ठ सदस्य, 281 नक्सली दण्डकारण्य क्षेत्र में मारे गए है. नक्सली संगठन ने यह भी स्वीकार किया है कि यह अब तक का सबसे बड़ा नुकसान है, जो सुरक्षा बलों की तेज़ कार्रवाई, तकनीकी निगरानी और स्थानीय जनता के सहयोग के कारण हुआ है.